वर्ष 28 अंक 230
Pages 12
Bareilly, Sunday
2 April 2017
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City- ₹ 3/-
Outside Bareilly City- ₹ 3/-

दैनिक जागरण

inext

डॉक्टर बनने का सपना पूरा

» SRMS में धूमधाम से मनाया गया कॉन्वोकेशन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 April): श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के एमबीबीएस-2011 बैच और पीजी एमडी-एमएस 2013 बैच का दीक्षान्त समारोह का सैटरडे को हर्षोल्लास से मनाया गया. समारोह का शुभारंभ चीफ गेस्ट डॉ. अजय कुमार सिंह निदेशक न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंस और संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति और संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. आरसी पुरोहित ने किया. इस दौरान डिग्री और मेडल पाकर स्टूडेंट्स के चेहरे खिल उठे.

111 छात्रों को मिला मेडल व डिग्री

चीफ गेस्ट ने स्टूडेंट्स को अहंकार को छोड़कर निस्वार्थ भाव से कार्य को पूर्ण निष्ठा एवं लगन से करने की ओर प्रेरित किया. उन्होंने बताया कि चिकित्सा जगत में नई मशीनों, तकनीकों और न्यूक्लियर मेडिसिन का आविष्कार हो रहा है. जिससे गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज संभव हो गया है. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कई नई बीमारियों के आने से रोगों का मात्र अंदाजा या अनुमान लगाकर ही इलाज किया जाता है. लेकिन न्यूक्लियर ट्रीटमेंट से न केवल रोग को शुरुआती स्टेज में पकड़ा जा सकता है, बल्कि प्रभावशाली इलाज भी किया जा सकता है. संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि एक अच्छे डॉक्टर के अंदर समयबद्धता, विनम्रता, कर्मठता के गुण होने चाहिए. उन्होंने स्टूडेंट्स को सहनशील एवं अपने कार्य के प्रति ईमानदार होने की प्रेरणा दी. इसके बाद उन्होंने एमबीबीएस-2011 बैच के 78 और पीजी के 33 स्टूडेंट्स को मेडल और डिग्री दी. इस मौके पर उमेश सक्सेना, डॉ. आईए खान, विनीत वर्मा, अजीत सक्सेना, आसिफ रिजवी, विनीत शर्मा आदि मौजूद रहे.

PICS:DAINIK JAGRAN- INEXT



चीफ गेस्ट ने दी डिग्री.

आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप भी रहे कॉन्वोकेशन में मौजूद.

स्टूडेंट्स ने ली शपथ.

डिग्री मिली तो खिल उठे चेहरे.